
**रमजान** | ईदगाह कला रानीताल में हजारों रोज़ेदारों ने किया सामूहिक रोज़ा अफ़्तार

# उर्स शरीफ और अफ्तार-ए-आम में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब





**नवभारत,जबलपुर।** पाक माह रमज़ान के सोलहवें रोज़े के अवसर पर ईदगाह कला रानीताल में हज़रत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी रहमतुल्लाह अलैह का 129वां सालाना उर्स शरीफ़ पूरे अदब, एहतराम और अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर विशाल अफ़्तार-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों रोज़ेदारों, उलेमा-ए-कराम और अकीदतमंदों ने शिरकत कर बरकतें हासिल कीं। उर्स के अवसर पर नमाज़-ए-जुमा के बाद कुरआन ख़्वानी का आयोजन किया गया। उलेमा और हाफिज़ों ने तिलावत- ए-कुरआन कर इसाले



सवाब के लिए दुआएं कीं। इसके बाद ईदगाह परिसर स्थित मज़ार शरीफ़ पर चादरपोशी की रस्म अदा की गई, जहां अकीदतमंदों ने फूलों की चादर पेश कर फातिहा पढ़ी और अपनी अकीदत का नजराना पेश किया। दरगाह परिसर में रूहानी माहौल के बीच इबादत और दुआओं की गूंज सुनाई देती रही।

### खजूर, फल, शरबत और अन्य पकवानों की व्यवस्था

शाम को आयोजित विशाल अफ़्तार-ए-आम में खजूर, फल, शरबत और अन्य पकवानों की व्यवस्था की गई थी। मगरिब की अज़ान होते ही हजारों रोज़ेदारों ने एक साथ रोज़ा अफ़्तार किया। अफ़्तार के बाद सभी रोज़ेदारों ने मगरिब की सामूहिक नमाज़ अदा की और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और भाईचारे के लिए दुआएं की गईं।

### 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में अदा हुई नमाज

रमज़ान के तीसरे जुमे के मौके पर शहर की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमा की नमाज़ अदा की। शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज़ियों की भारी भीड़ देखने को मिली और कई जगह मस्जिदों के बाहर तक सफें लग गईं। नमाज़ से पहले इमामों ने रमज़ान की फ़ज़ीलत और इबादत की अहमियत पर खुत्बा दिया, जबकि नमाज़ के बाद देश और शहर में अमन, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।





# कान की देखभाल में लापरवाही बच्चों का भविष्य प्रभावित कर सकती है

**विश्व श्रवण दिवस पर जिला अस्पताल में जागरूकता रैली और हियरिंग स्क्रीनिंग शिविर**

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विक्टोरिया जिला अस्पताल में कान की सुरक्षा और श्रवण संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी और नोडल ऑफिसर डॉ. रुमिता आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें आमजन को ध्वनि प्रदूषण के खतरों और कानों की देखभाल के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

### विशेष शिविर में विशेषज्ञों ने की जांच

विक्टोरिया जिला अस्पताल में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में नाक, कान एवं गला विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. शोभा अग्रवाल, डॉ. पंकज ग्रोवर और डॉ. नियोगी ने अपनी सेवाएं देते हुए लोगों की हियरिंग स्क्रीनिंग की और उन्हें कान से संबंधित समस्याओं के उपचार और बचाव के उपाय बताए।

### जिले में लगाए गए स्क्रीनिंग कैंप

जिला अस्पताल के साथ-साथ जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी श्रवण जांच शिविर लगाए गए। इसके साथ ही आरबीएसके स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा स्कूलों में जाकर बच्चों की हियरिंग स्क्रीनिंग की गई।

### समय पर जांच और उपचार जरूरी

नोडल ऑफिसर डॉ. रुमिता आचार्य ने बताया कि कम सुनाई देने की समस्या को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ ही बच्चों में हियरिंग लॉस के अर्ली डिटेक्शन और कॉक्लीयर इम्प्लांट जैसी आधुनिक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज ने समाज में समरसता का भाव जगाया

**महाराष्ट्र समाज ने तिथि अनुसार मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती**


**नवभारत,जबलपुर।** भगवान श्रीराम की मर्यादा और श्रीकृष्ण की कर्म शीलता के समवेत स्वरूप का भाव छत्रपति शिवाजी महाराज में है। सामाजिक समरसता का भाव शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था में था। हर जाति वर्ग और भाषा -भाषी को जोड़कर निरंतर मराठा मावलों की सेना को सनातन संस्कृति के विरोधियों को परास्त किया। वर्तमान समय में सनातनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता और सनातन संस्कारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए सनातनी लोगों को समर्पित भाव से कार्य करने की आवश्यकता है? उक्त उद्गार वक्ताओं ने महाराष्ट्र



समाज जबलपुर के तत्वावधान में हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, मातृभूमि के सच्चे सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज की तिथि अनुसार 396 जयंती फाल्गुन कृष्ण तृतीया के अवसर पर प्रतिमा स्थल मदन महल थाने के बाजू में प्रात: कालीन अभिषेक पूजन माल्यार्पण, पुष्पांजलि भावाजांलि अर्पित कर कहे। पूजन अर्चन आरती गुरूजी पं स्वापनिल गरे, पं निर्णय काले ने संपन्न कराया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ जितेन्द्र जामदार, पूर्व महापौर एवं समाज के कार्याध्यक्ष सदानंद गोडबोले, पूर्व महापौर डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, अभय गोरे, राजेन्द्र बर्वे,वसंत चेलानी, मंजू देशमुख, डॉ नुपुर देशकर, विध्येश भापकर, प्रशांत धुमाल, आदित्य गुप्ता, निखिल देशकर, प्रकाश पवार, मनोज कुशवाहा, राजू कोतवाल, मनोज चौधरी, राजा हिरसकर, किशोर कलमकर, महेश रोहरा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही है।



## विनोद गोंटिया बने असम विधानसभा चुनाव प्रभारी

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने असम विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रवास हेतु वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गोंटिया को मप्र से प्रभारी बनाया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा असम विधानसभा चुनाव में मप्र से प्रवासी कार्यकर्ताओ को प्रचार प्रसार हेतु भेजा गया है जिसमे वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक शामिल है।

# तीर्थकर दिवस पर 12 को निकलेगी शोभायात्रा

- राष्ट्र संत विद्यासागर की प्रेरणा व मुनि त्रय के सानिध्य में होगा आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** श्रमण संस्कृति के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव को जैन समाज 12 मार्च को तीर्थंकर दिवस के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर (चौधरी) दरहाई एवं श्री शासनोदय तीर्थ बड़ा जैन मंदिर हनुमानताल से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन राष्ट्र संत दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा तथा आचार्य समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से मुनि निर्दोष सागर जी, निर्लोभ सागर जी एवं निरुपम सागर जी महाराज के सानिध्य में होगा। यह जानकारी समिति संयोजक एडवोकेट विजय चौधरी एवं लायन नरेन्द्र जैन ने दी।



शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ के अनुसार 12 मार्च को प्रात: 7 बजे चौधरी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर दरहाई, साठियाकुंआ, फूटाताल, खटीक मोहल्ला, सराफा चौक, कमानियागेट, फलमंडी, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, नार्मल स्कूल रोड, गंजीपुरा चौक, घमंडी चौक, पुरानी चरहाई, खोवामंडी, कोतवाली होते हुए पुन: चौधरी मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान आदिनाथ का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। वहीं हनुमानताल स्थित बड़ा जैन मंदिर से भी शोभायात्रा निकलकर सराफा में मुख्य यात्रा से जुड़ेगी। समारोह आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा में चौधरी मंदिर व बड़ा जैन मंदिर का रजत रथ तथा पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बरियावाला मंदिर की रजत पालकी विशेष आकर्षण रहेंगी।

### उपस्थिति की अपील

दिगम्बर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन, महामंत्री अनिल जैन, जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष नितिन बेटिया सहित राजेन्द्र जैन 'मम्मा', अशोक जैन फुग्गा, रवि जैन (पूर्व पार्षद), अनुराग गढ़वाल, पराग जैन, जलज जैन, सोनू दिगम्बर, पंकज विद्यार्थी, मुकेश ड्योढ़िया, संजय चौधरी, पंकज जैन, राजेश भारिल्ल, अखिलेश जैन, हेमचंद जैन, रवि चौधरी, संदेश जैन, अशोक जैन, मनोज कुमार, सुबोध कामरेड, सेठ संजय रहवर, विवेक चौधरी आदि ने समाजजनों से शोभायात्रा में शामिल होने व मार्ग में स्वागत करने की अपील की है।

**एक नजर में**

## छुई खदान क्षेत्र में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड औरक्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वच्छता एवं जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत आने वाले छुई खदान क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के समीपवर्ती क्षेत्रों में आधुनिक मशीनीकृत उपकरणों और कुशल सफाई मित्रों की संयुक्त टीम द्वारा कचरा हटाने और गहरी सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को 'कचरा मुक्त' बनाना है। आगामी समय में छुई खदान और उसके आस-पास के क्षेत्रों में कोई भी नया कचरा पॉइंट निर्मित न हो, इसके लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। कचरे के निष्पादन के साथ-साथ, डस्टबिन की उपलब्धता और कचरा संग्रहण वाहनों की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया गया है ताकि भविष्य में सड़कों पर कचरा जमा न हो सके। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से अपील कर अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और कचरा केवल निर्धारित स्थानों या कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें। इस अवसर पर उपायुक्त संभव अयाची के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## फूलों की होली संग भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक

**नवभारत,जबलपुर।** भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक एवं भगवान राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली का आनंद महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा आश्रम वृंदावन जैसा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। भक्तों ने भगवान राधा-कृष्ण को पुष्प अर्पित किए, वहीं आश्रम के पुजारी द्वारा भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। विशेष पूजन में प्रचारक अमित दवे, लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. नरेंद्र कोष्टी और बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने किया। भजन मंडलियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। अंत में विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, विनोद विश्वकर्मा, दुर्गा पटेल, मनोज गुलावबानी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## जन्मदिन पर टीआई ने जरूरतमंद दोपहिया चालकों को बांटे हेलमेट

- यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहन देने का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गढ़ा यातायात थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सराहनीय पहल करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हेलमेट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस छोटे से प्रयास के माध्यम से लोगों को सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जन्मदिन या वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों पर समाजहित में ऐसे कार्य करें, जिससे किसी की जान बचाई जा सके। इस अवसर पर सूबेदार मनीष प्यासी, सूबेदार वीरेंद्र आरख सहित बड़ी संख्या में यातायात पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## स्थावर संपत्ति के पुनरीक्षित बाजार मूल्य निर्धारित करने बैठक 9 को




**नवभारत,जबलपुर।** वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति पवन कुमार अहिरवार ने जानकारी दी कि वर्ष 2026-27 के लिए स्थावर संपत्ति के पुनरीक्षित बाजार मूल्य निर्धारित करने प्रस्तावित दरों के संबंध में 9 मार्च को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## सिंधी भानुशाली महाजन सरोवर ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** सिंधी भानुशाली महाजन सरोवर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन अधारताल में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दिलीप शर्मा द्वारा इष्ट पूजन से हुई। इसके बाद वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया तथा बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

समारोह के दौरान बड़े-छोटों और बच्चों के बीच विभिन्न खेल आयोजित किए गए, जिनमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों, महिलाओं और बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मदन केशवानी, लक्ष्मण दास केशवानी, प्रकाश मुरझानी, घनश्याम केशवानी और घनश्याम अम्लानी सहित समाज के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कपिल मुरझानी, पूनम मुरझानी, जय केशवानी और लतिका केशवानी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा देवेश नाथानी, हेतल नाथानी और नव्या अम्लानी ने तैयार की। आयोजन को सफल बनाने में मोहनीश मुरझानी, विक्रम क्षत्री, सिद्धार्थ केशवानी, अमित अम्लानी, सुरेश लखवानी तथा युवा साथियों का विशेष सहयोग रहा।

**कार्यशाला** | कलेक्टर ने जल संचय जन भागीदारी 2 .0 कार्यशाला में दिए निर्देश

# पुराने जल स्रोतों का चिन्हांकन कर पुनर्जीवित किया जाए : कलेक्टर



**नवभारत, जबलपुर।** भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति भवन में आयोजित जल संचय जन भागीदारी 2.0 कार्यक्रम की कार्यशाला में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में पुराने जल स्रोतों का चिन्हांकन कर उनका पुनर्जीवन किया जाए। साथ ही नए जल संरचनाओं के निर्माण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर जल संरक्षण को प्रभावी बनाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हो रहे सभी निर्माण कार्यों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के उपाय अनिवार्य रूप से किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनाई जाएं, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण हो सके। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल संचय के विभिन्न उपायों की दी जानकारी

कार्यशाला में चेकडेम निर्माण, स्टॉप डेम में गेट लगाना, तालाबों और कुओं की गाद निकालना, बोरवेल और कुओं का रिचार्ज, रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग, शॉकपिट, कंटूर ट्रेंच, नाला बंधान और परकोलेशन पोंड जैसे जल संचय के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर ने जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों की पोर्टल पर नियमित एंट्री कराने और तालाबों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत को प्राथमिकता के साथ जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के कार्य करने के लिए कहा।

# अशासकीय विद्यालयों में बच्चों के नि :शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 13 से

**ऑनलाइन लॉटरी से होगा चयन**

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ होगी। इसके अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा नर्सरी, केजी-वन, केजी-टू एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु पात्र अभिभावक आरटीई पोर्टल पर 13 मार्च से 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन भरे गये आवेदन का सत्यापन संबंधित जन शिक्षा केंद्र पर 14 मार्च से 30 मार्च तक किया जाएगा। इसके पश्चात राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा राज्य स्तर पर 2 अप्रैल को रेंडम आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया जायेगा। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि पात्र चयनित विद्यार्थियों को अशासकीय विद्यालयों द्वारा 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रवेश देना होगा। अभिभावक नि:शुल्क प्रवेश हेतु स्वेच्छा अनुसार प्राथमिकता क्रम में अपनी बसाहट के नजदीक की शालाओं का चयन कर ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। जिला परियोजना समन्वयक के मुताबिक जबलपुर जिले में लगभग 600 गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये आवेदन किया जा सकेगा। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित विद्यार्थी को किसी भी स्थिति में प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जाएगा।